अयोध्या राम मंदिर के लिये वार्षिक निःशुल्क ट्रेन योजना

चर्चा में क्यों?

हाल ही में, छत्तीसगढ़ सरकार ने **उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन करने के इच्छुक भक्तों के लिये एक वार्षिक मुफ्त ट्रेन यात्रा योजना को स्वीकृति दी।**

- इसे **छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा और राज्य पर्यटन विभाग** इसके लिये आवश्यक बजट आवंटित करेगा।

मुख्य बिंदु:

- **अभी हर कोई इस योजना का लाभ नहीं उठा सकता** क्योंकि तीर्थयात्रियों के चयन के लिये कलेक्टरों के अधीन एक समिति गठित की जाएगी।
  - राज्य सरकार की एक विज्ञप्ति के अनुसार, इस **योजना का लाभ उठाने के लिये पात्र व्यक्तियों की आयु 18 से 75 वर्ष के बीच होनी चाहिये और 55 वर्ष से अधिक आयु वालों को प्रारंभिक चरण में प्राथमिकता दी जाएगी।**
- **लगभग 20,000 लोगों को ट्रेन से वार्षिक तीर्थयात्रा पर अयोध्या ले जाया जाएगा।**
  - बोर्डिंग के लिये स्टेशन **रायपुर, दुर्ग, रायगढ़ और अंबिकापुर** हैं तथा 900 किलोमीटर की यात्रा का समापन अयोध्या में होगा।
  - भक्तों के लिये काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन और गंगा आरती में शामिल होने के लिये वाराणसी में एक रुकने के लिये एक स्थान भी है।
- योजना को लागू करने के लिये **भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (IRCTC) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU)** पर भी हस्ताक्षर किये जाएँगे।
- अयोध्या आने के इच्छुक तीर्थयात्रियों के लिये एक साप्ताहिक विशेष ट्रेन की भी व्यवस्था की जाएगी।

नोट:

- राज्य सरकार ने अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिष्ठा को देखते हुए 22 जनवरी को पूरे राज्य में शुष्क दिवस घोषित किया गया है ।
- **छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है।**
  - **छत्तीसगढ़** की राजधानी रायपुर से 27 किमी दूर स्थित चंदखुरी गाँव को **भगवान राम की माता कौशल्या का जन्मस्थान माना जाता है।**
  - गाँव में स्थित प्राचीन माता कौशल्या मंदिर को प्रदेश की पिछली सरकार द्वारा भव्य रूप दिया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/annual-free-train-scheme-to-ayodhya-ram-mandir